# DSSSB PRT, TGT & PGT

## Part(A+B)

## SCHOLAR BATCH

# हिन्दी

# काल



LIVE 11-04-2024 09:00 AM

# काल

- **वर्तमान काल - 5**
  - (i)- सामान्य वर्तमान काल
  - (ii)- तात्कालिक वर्तमान काल (अपूर्ण)
  - (iii)- पूर्ण वर्तमान काल
  - (iv)- संदिग्ध वर्तमान काल
  - (v)- संभाव्य वर्तमान काल
- **भूतकाल - 6**
  - सामान्य भूतकाल
  - आसन्न भूतकाल
  - पूर्ण भूतकाल
  - अपूर्ण भूतकाल
  - संदिग्ध भूतकाल
  - हेतुहेतुमद् भूतकाल
- **भविष्यकाल - 3**
  - सामान्य भविष्यकाल
  - सम्भाव्य भविष्यकाल
  - हेतु हेतुमद भविष्यकाल

परिभाषा ⇒ क्रिया के जिस रूप से कार्य करने या होने के समय का ज्ञान होता है। उसे काल कहते हैं।

हिन्दी में काल शब्द का अर्थ समय है।

काल के तीन भेद होते हैं

जैसे- मोहिनी पढ़ाई कर रही है। ⇒ कार्य वर्तमान काल में जारी

मोहिनी पढ़ाई कर रही थी। ⇒ कार्य भूतकाल काल में जारी

मोहिनी पढ़ाई करेगी। ⇒ कार्य भविष्यकाल में जारी।

1. **वर्तमान काल** – क्रिया का वह रूप जिससे कार्य के वर्तमान समय में होने का पता चले उसे वर्तमान काल कहते हैं।

↳ उपस्थित समय

इसके पाँच भेद होते हैं।

अजित सो रहा है।

मैं खेल रहा हूँ।

पिताजी समाचार सुन रहे हैं।

- उदाहरण – गीता सो रही है।
- मोहन पढ़ रहा है।
- वर्षा हो रही है।
- मामा जी टी.वी. देख रहे है।
- रवि ट्यूशन जाता है।

नोट – वर्तमान काल की पहचान के लिए वाक्य के अन्त में ता, ती, ते है आदि आते है।

## वर्तमान काल के भेद –5

**1. सामान्य वर्तमान काल** – जो क्रिया वर्तमान काल में सामान्य रूप से होती है उसे सामान्य वर्तमान काल कहते हैं।

- उदाहरण – नरेन्द्र लिखता है।
- वे बगीचे में दौड़ते है।
- माली पौधों को पानी देता है।
- मैं खाता हूँ।
- सीमा बाजार से सब्जियां लाती है।
- नीतू स्कूल जाती है।

**2. अपूर्ण / तात्कालिक वर्तमान काल** – क्रिया के जिस रूप से यह बोध हो कि कार्य अभी चल ही रहा है समाप्त नहीं हुआ है। उसे अपूर्ण या तात्कालिक वर्तमान काल कहते है।

- वह खाना खा रहा है।
- राधा नाच रही है।
- बच्चा गा रहा है।
- श्याम अपनी माँ के साथ बगीचे में खेल रहा है।
- श्याम पत्र लिख रहा है।

**3. पूर्ण वर्तमान** – क्रिया के जिस रूप से यह बोध हो कि कार्य के अभी पूरा होने का पता चलता है उसे पूर्ण वर्तमान काल कहते है।

पूर्ण ↓ पूरा

- मैंने फल खाए हैं।
- महेश विद्यालय जा चुका है।
- बालक शोर मचा चुके है।
- पुलिस यहाँ से जा चुकी है।
- गाय दूध देना बंद कर चुकी है।

**4. संदिग्ध वर्तमान काल** – क्रिया के जिस रूप से वर्तमान मे कार्य के होने में सन्देह का बोध हो उसे संदिग्ध वर्तमान काल कहते है।

- राधा प्रतीक्षा करती होगी।
- वह पढ़ता होगा।
- अब बच्चा रोता होगा।
- राम चित्र बना रहा होगा।
- श्याम इस समय पत्र लिखता होगा।

**5. संभाव्य वर्तमान काल** – इससे वर्तमान काल में काम के पूरा होने की सम्भावना होती है उसे सम्भाव्य वर्तमान काल कहते हैं

- गुंजन आज भी आपका इंतजार करती हो।
- उसे चोट न लगी हो।
- उसने बात बताई हो।
- उसने कक्षा कार्य किया हो।
- सीता बाजार से आई हो।

2. **भूतकाल** – क्रिया के जिस रूप से बीते हुए समय में कार्य के सम्पन्न होने का बोध होता है उसे भूतकाल कहते हैं।

- उदाहरण – पहले मैं लखनऊ में पढ़ता था।
- रमेश पटना गया था।
- नाना जी कहानी सुना रहे थे।
- राम ने रावण का वध किया था।

नोट – भूतकाल की पहचान के लिए वाक्य के अन्त में था, थी, थे आता है।